# साहित्य अकादमी का बाल साहित्य की थीम पर आधारित होगा पुस्तक मेला

## 11 से 18 नवम्बर तक चलेगा 'पुस्तकायन' का आयोजन, 30 से अधिक प्रकाशक लगाएंगे स्टॉल

### सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगा आयोजन

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (नवोदय टाइम्स): आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में साहित्य अकादेमी अपने परिसर में पुस्तक मेले का आयोजन करने जा रही है। यह पुस्तक मेला 11 से 18 नवंबर 2022 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त 30 से अधिक प्रकाशक अपना स्टॉल लगाएंगे। साहित्य अकादेमी की ओर से आयोजित पुस्तक मेले का थीम बाल साहित्य रखा गया है।

इंटरनेट की दुनिया में लोगों का पुस्तकों के प्रति प्रेम कम पड़ता जा रहा है, पुस्तक मेले के आयोजन के माध्यम से फिर से पुस्तक संस्कृति को जागृत करने का प्रयास किया जाएगा। साहित्य अकादेमी ने 'पुस्तकायन' शीर्षक से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया है। पुस्तक मेले का उद्घाटन 11 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे और अकादेमी द्वारा प्रकाशित नई बाल पुस्तकों का लोकार्पण भी करेंगे। इस अवसर पर अकादेमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक भी मौजूद रहेंगे।

### कार्यक्रम में अपने प्रिय लेखक से मिलिए

**11 नवम्बर:** बाल साहित्यकार मधु पंत, देवेंद्र व रईस सिद्दीकी उपस्थित होंगे।

**12 नवम्बर:** 'बाल साहित्य का वर्तमान परिदृश्य' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार दिविक रमेश करेंगे और चर्चा तथा रचना-पाठ के लिए मृणाल चंद्र कलिता (असमिया), कुमुद भीकू नायक (कोंकणी), तरसेम (पंजाबी) एवं हाजिरी कर्नाटकी (उर्दू) उपस्थित होंगे।

**13 नवम्बर:** बच्चों के लिए कविता और कहानी लेखन कार्यशाला, संचालन दीपा अग्रवाल व श्याम सुशील

### कार्टून चित्रांकन कार्यशाला

**14 नवम्बर:** बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह त्रिवेणी कला संगम, तानसेन मार्ग पर किया जाएगा।

**15 नवम्बर:** अपने प्रिय लेखक से मिलिए कार्यक्रम के अंतर्गत क्षमा शर्मा उपस्थित होंगी। बाल साहित्य के समक्ष चुनौतियां कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार राजीव तांबे करेंगे तथा चर्चा व रचना-पाठ के लिए जया मित्र (बाङ्ला), वर्षा दास (गुजराती) तथा सम्पदानन्द मिश्र (संस्कृत) उपस्थित होंगे।

**16 नवम्बर:** बाल पत्रिकाओं का भविष्य कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार कमलजीत नीलों करेंगे तथा चर्चा एवं रचना-पाठ के लिए रश्मि (अंग्रेजी), भैरूंलाल गर्ग (हिंदी) एवं एसआर लाल (मलयालम) उपस्थित होंगे।

**17 नवम्बर:** बाल साहित्य प्रकाशन के समक्ष चुनौतियां कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात प्रकाशक प्रभात कुमार करेंगे तथा चर्चा व रचना-पाठ के लिए बलराम अग्रवाल, चंदना दत्ता, मंजुरि कृष्णा कुमारी, पंकज चतुर्वेदी एवं सुशील शुक्ल उपस्थित होंगे।

**18 नवम्बर:** बाल साहिती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार योगेन्द्र दत्त शर्मा करेंगे तथा रचना-पाठ के लिए दिशा ग्रोवर, घमंडी लाल अग्रवाल, ऋषि राज, सूर्यनाथ सिंह, वेदमित्र शुक्ल व वेलु सरवणन उपस्थित होंगे।